Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need for provision of funds in Budget for management of stray animals

श्री भगवंत मान (संगरूर): अध्यक्ष महोदया, आवारा पशुओं की दिक्कत पूरे देश में है। सड़क हादसों में इनकी वजह से कीमती जानें जाती हैं और ये फसलों को बर्बाद करते हैं। किसानों को कड़ाके की ठण्ड में अपनी फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए 1500 रुपये प्रति एकड़ देना पड़ रहा है। उन्होंने घुड़सवार रखे हुए हैं। डेढ़-दो सौ आवारा पशुओं का झुण्ड एक खेत में से गुजर जाता है तो पूरी फसल बर्बाद हो जाती है।

इस पर ध्यान देना चाहिए। कीमती जानें जा रही हैं। हर शहर आवारा पशु घूम रहे हैं, जबकि बिजली के बिल में काऊ सेस लगा हुआ है और कई टैक्सेज़ में काऊ सेस है। आवारा पशुओं के लिए, उनके समाधान के लिए आने वाले बजट में प्रावधान रखा जाए। मैं यह मांग करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल को श्री भगवंत मान द्वारा उठाए गए विऐय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।